08.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 बजे

प्रादेशिक समाचार

○ राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट कल से जयपुर में– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्घाटन करेंगे।

○ निवेश सम्मेलन में 32 देशों के कारोबारी जगत की हस्तियों सहित पांच हजार प्रतिनिधि भाग लेंगे।

○ गृहमंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बल की सराहना की–जोधपुर में बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में शिरकत की।

○ उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की आज से शुरूआत हुई– अगले दो दिनों घर–घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

000

तीन दिवसीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की शुरूआत कल से जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमेें मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। श्री मोदी समिट का उद्घाटन करने और सत्र को सम्बोधित करने के साथ ही राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो का भी शुभारंभ करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राज्य में किये जा रहे विकास कार्यों और राजस्थान की अर्थव्यवस्था को दुगना कर साढे तीन सौ बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखेंगे। उद्घाटन सत्र में कुमार मंगलम बिडला, अनिल अग्रवाल, गौतम अडानी और आनन्द महिन्द्रा सहित कई अन्य शीर्ष उद्योगपति शामिल होने जा रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न देशों के व्यापारिक समूहों के अधिकारी और राजनयिक भी समिट में हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में 32 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इनमें 17 देशों की भागीदारी पार्टनर कन्ट्रीज के रूप में होने जा रही है। निवेशकों के इस कुम्भ में दुनियाभर से करीब पांच हजार प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। समिट में 12 क्षेत्रों के लिए थीमेटिक सत्र होगें जिनमें देश दुनिया के विशेषज्ञ, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, केन्द्र और राज्य सरकार के अधिकारी भाग लेगें। सम्मेलन के दूसरे दिन प्रवासी राजस्थानी कॉनक्लेव आयोजित किया गया है। इसके माध्यम से दुनियाभर में फैले प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। तीसरे दिन एमएसएमई कॉनक्लेव रखा गया है, जिसमें पैनल डिस्कशन होंगे।
वहीं हितधारकों को नेटवर्किंग का अवसर भी दिया जाएगा। इस तीन दिवसीय निवेशक सम्मेलन के दौरान प्रतिभागी देशों और राजस्थान के बीच सहयोग तथा साझेदारी को बढावा देने के लिए कन्ट्री सेशन और राउण्ड टेबल का भी आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि समिट से पहले ही तीस लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्तावों के लिए एमओयू किये जा चुके हैं। समिट का खास आकर्षण राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो भी है इसमें कन्ट्री और राजस्थान तथा स्टार्टअप पेवेलियन बनाये गये हैं और व्यापार समूहों की ओर से प्रदर्शनी लगायी गई है। इस महा आयोजन को देखते हुए राजधानी जयपुर में सुरक्षा के व्यापक बन्दोबस्त किये गये हैं। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. रामेश्वर सिंह ने बताया कि चार हजार से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा का मोर्चा संभालेंगे।

...................

समिट में भागीदारी के लिए मेहमानों का जयपुर पहुंचना आज से शुरू हो गया है। राजधानी जयपुर की प्रमुख इमारतों और चौराहों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। मेहमानों की अगुवानी के लिए विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज जयपुर में राजस्थान पेंशनर्स समाज के वार्षिक अधिवेशन में शिरकत की। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि पेंशनर्स ने अपने कठिन परिश्रम और सेवा से प्रदेश के नवनिर्माण में अहम योगदान दिया है।

................

अधिवेशन में हिस्सा लेने के बाद श्री बिरला भीलवाड़ा के आसीन्द क्षेत्र के मालासेरी डूंगरी के लिए रवाना हुए। भगवान देव नारायण की जन्मस्थली मालासेरी में आज से महाभक्ति महोत्सव का आगाज़ हुआ। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। दो दिन के इस समारोह में महाआरती, परिक्रमा और ड्रोन शो सहित कई आयोजन होगें।

000

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज जयपुर पहुंचे। उन्होंने यूथ हॉस्टल में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष में आयोजित प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा और विधायक गोपाल शर्मा भी शामिल हुए।

0000

राज्य विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने जालौर में चल रहे किसान आन्दोलन और जवाई नदी के पुर्नजीवन को लेकर गृहमंत्री अमित शाह को मांग पत्र सौंपा है। श्री गर्ग ने बताया कि जालौर और आसपास का क्षेत्र पानी की कमी के कारण डार्क जोन बन चुका है। उन्होंने जवाई बांध पुर्नभरण योजना के लाभान्वितों में जालौर जिले को भी जोड़ने की मांग की है। मुख्य सचेतक ने बताया कि जवाई नदी को पुर्नजीवित करने की मांग को लेकर किसान धरने पर बैठे हैं। उनकी मांग पर जल्द विचार होना चाहिए। श्री गर्ग ने गृहमंत्री से इस बारे में समुचित कार्यवाही के लिए आग्रह किया।

000

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमा सुरक्षा बल 6 दशकों से देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने का काम बखूबी कर रहा है। आज जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि बीएसएफ ने 1965 से लेकर अब तक पूर्वी और पश्चिमी सीमाओं को सुरक्षित रखने का काम किया है। गृह मंत्री ने कहा कि देश की बढती हुई सुरक्षा जरूरतों को बीएसएफ के बिना पूरा किया जाना संभव नहीं है। इसी कारण 25 बटालियन से शुरू हुए बीएसएफ का लगातार विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने सीमा की सुरक्षा के साथ–साथ घुसपैठ और जाली नोटों को रोकने समेत विभिन्न मोर्चों पर काम किया है।

..................

गृह मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने सीमा पर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया है और इसके लिए हर वर्ष बजट में विशेष प्रावधान किया है। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने सीमा पर बसे गांवों के लिए वाइब्रेंट विलेज योजना शुरू की है, ताकि सीमावर्ती गांवों के नागरिकों को सम्मान, रोजगार और सभी मूलभूत सुविधाएं मिल सके। करीब 3 हजार गांवों में यह कार्यक्रम प्रायोगिक तौर पर शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अर्द्धसैनिक बलों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार कदम उठाये हैं। इससे पहले, गृहमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया। श्री शाह ने जवानों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए वीरता पुरस्कार, पुलिस सेवा पदक और ट्रॉफियां भी देकर सम्मानित किया। गृहमंत्री ने जोधपुर में सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश को एकजुट करने में सरदार पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

................

समारोह में केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी शामिल हुए।

0000

राजसमंद में आज एक स्कूली बस पलटने से 3 बच्चों की मृत्यु हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। ये बस राछेटी गांव के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल की थी और पिकनिक के लिए रवाना हुई थी। देसूरी की नाल में पंजाब मोड के पास बेकाबू होकर पलटने से बस सवार तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायलों का आर.के अस्पताल में इलाज जारी है। दुर्घटना के बाद जिला कलेक्टर बाल मुकुंद असावा और पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और अस्पताल पहुंचकर घायलों से भी मुलाकात की। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हादसे पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी दुर्घटना पर गहरा दु:ख जताया है।

000

प्रदेश के 39 जिलों में आज उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हुई। राज्य स्तरीय अभियान की शुरूआत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने की। उन्होंने जयपुर के गांधी नगर में शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का आगाज किया। अभियान के तहत करीब साढे 87 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 47 हजार पोलियो बूथ के माध्यम से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो खुराक दी जा रही है। अभियान के तहत अगले दो दिनों तक घर—घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

000

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज अजमेर से विशेष ट्रेन तिरूपति के लिए रवाना हुई। देवस्थान विभाग की ओर से इसके जरिये 780 यात्रियों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जा रही है। विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि इस विशेष रेलगाड़ी को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने अजमेर रेलवे स्टेशन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

0000

पाली में आज वन्य उत्पाद मेले का आयोजन किया गया। वन विभाग की ओर से लगाये इस मेले का उद्देश्य जवाई क्षेत्र में मिलने वाले फलों और उत्पादों की पहचान कराना तथा स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाना है। मेले में सीताफल, बेर, हर्बल गुलाल औ प्राकृतिक शहद तथा अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गई। मेले में बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं परम्परागत वेशभूषा में शामिल हुई।

000

प्रदेश में सर्दी का असर तेज हो गया है। उत्तरी राज्यों से आ रहीं ठण्डी हवाओं ने प्रदेश में सर्दी बढ़ा दी है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार आज 16 से अधिक शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम 7 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तापमान सिरोही में रिकॉर्ड किया गया। अगले दो दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। इसके अलावा शेखावाटी क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप रहने के आसार हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 दिसम्बर को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार रखेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1800—11—7800 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

000